श्री सुबोध मोहिते (रामटेक) : मैडम का जो दुख है, वह मेरा भी दुख है। I am very thankful to you for giving me an opportunity. I have been trying to have this opportunity since last week but only today, I have got it. मेरा विाय बहुत गंभीर है। मैं पहली बार चुनकर आया हूं लेकिन यह सम्स्या मैं बचपन से अपनी आंखों के सामने देखता रहा हूं। 35 साल की उम्र में यह सम्स्या मुझे पार्लियामैंट में रखने का मौका मिला है, मैं समझता हूं कि It is a golden opportunity.

जिस एरिया से मैं चुनकर आया हूं, मेरा जो निर्वाचन क्षेत्र है, वहां से कभी श्री नरसिंह राव जी भी रहे थे। जहां पर मेरा घर है उसके बाजू में एक कोयले की खदान है। वैसे मेरे घर के चारों तरफ कोयले की खदानें हैं। जब से मैंने होश संभाला तब से मैं देखता आया हूं कि ट्रक जा रहे हैं और उन ट्रक्स से कोयला गिर रहा है। मुझे लगा कि इसमें बहुत बड़ी हेराफेरी है लेकिन मेरे पास कोई सबूत नहीं था इसलिए मैं बोल नहीं पा रहा था। जिस चीज का कोई सबूत न हो, अगर वह चीज बोली जाये तो लोग उसे मूर्ख समझते हैं। आज जो बात मैं यहां पर कहने वाला हूं वह बड़ी दिलचस्प बात है। आज खनिज सम्पत्तियों की जो हेराफेरी हो रही है, वह एक अलग चैप्टर है और जो हेराफेरी हो गई है, वह एक दूसरा चैप्टर है। इतिहास में हो गई और हो रही है दोनों अलग-अलग चैप्टर हैं। अभी मैं डाकूमैंट के साथ With ample proof, I am submitting this request to you. एक तारीख को रात आठ बजे दस ट्रक दो खादानों गोंडेगांव और कामठी से निकले। But private parties are not entitled to carry coal after 7 p.m. आठ बजे वह ट्रक निकले और ट्रक निकलने के बाद पुलिस ने उन ट्रकों को पकड़ा। पकड़ने के बाद वह पुलिस स्टेशन में ले जाये गये। उसके दस मिनट बाद वे ट्रक्स वहां से निकल गये। मैं बचपन से यह सब देखता रहा हूं। इसका बहुत बड़ी खबर वहां के लीडिंग पेपर में छापी गयी है। It is about Western Coalfields Limited. But no action has been taken by the Coal Department and the Police Department. I think there is a scandal between WCL, Coal India Limited and the Police Department.

मेरे पास प्रूफ है। मैं दो दिन पहले की घटना बताऊंगा। मेरे पास दो डौक्यूमैंट हैं जिसमें रेल्वे डिपार्टमैंट ने ऐक्सैस लोडिंग के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की पैनल्टी लगाई है। इसलिए वहां के लोगों की यह रिक्वैस्ट है कि पूरे मामले की जांच सी.बी.आई. की तरफ से होनी चाहिए। इससे श्री रूडी और पूरा सदन सहमत है।